युवा संसद

हमारे विद्यालय ने इस वर्ष ३२वे युवा संसद प्रतियोगिता (क्षेत्रीय स्तर) में भाग लिया, जिसका आयोजन केंद्रीय विद्यालय नगरोटा, जम्मू द्वारा 28 अगस्त 2019 को किया गया | इस प्रतियोगिता में हमारे विद्यालय के 55 विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया| इन विद्यार्थियों की युवा संसद प्रतियोगिता हेतु मार्गदर्शन व तैयारी का कार्य श्री संजय रतनू, श्रीमती सुखविंदर बाली, श्रीमती रजनी देवी, श्री जावेद अहमद, श्री संजय सिंह व सुश्री भूमिका के निर्देशन में हुआ| हमारे विद्यालय के विद्यार्थियों ने मात्र 17 - 18 दिनों की तैयारी के बावजूद इस प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन किया और पूर्ववर्ती वर्ष की अपेक्षा एक स्थान का सुधार करते हुए क्षेत्रीय स्तर पर दूसरा स्थान प्राप्त किया |